# प्रेस नोट दिनांक 11.03.2025

# जनपद बरेली।

**श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली के नेतृत्व में वर्तमान व आगामी त्यौहारों को सकुशल/भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने, जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था अक्षुण्य बनाये रखने तथा आपात परिस्थितियो में नियंत्रण/ प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिये पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड पर जनपदीय पुलिस बल को दंगा/बलवा नियंत्रण ड्रिल का कराया गया पूर्वाभ्यास**

आज दिनांक 11.03.2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली के नेतृत्व में पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड पर आगामी त्यौहारों को सकुशल/भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने, जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था अक्षुण्य बनाये रखने तथा आपात परिस्थितियों में नियंत्रण/ प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के लिये पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड पर जनपदीय पुलिस बल को दंगा/बलवा नियंत्रण ड्रिल का पूर्वाभ्यास कराया गया, जिसमें जनपद के समस्त पुलिस अधीक्षकगण, क्षेत्राधिकारीगण के साथ-साथ जनपद के समस्त थाना प्रभारियों, थाने के उपनिरीक्षकों/मुख्य आरक्षियों/आरक्षियों, रिजर्व पुलिस लाइन के कर्मियों व अग्निशमन पुलिस द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान पुलिस टीम को दंगा निरोधक/बलवा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों (12 बोर पम्प एक्शन गन, टीयर गैस गन, एंटी राइट गन, अश्रु गैस के गोले आदि ) के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया व जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने तथा आपात/प्रतिकूल परिस्थितियों, बलवाइयों/अराजतत्वों व गड़बड़ी फैलाने वालों से सख्ती से निपटने के लिए विभिन्न तरीके/गुर सिखाये गये तथा अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर बितर करने के विभिन्न तरीकों को भी बताया गया। साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियंत्रण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास किया गया। शस्त्रों/उपकरणों की क्रियाशीलता एवं पुलिस द्वारा विषम परिस्थियों के दौरान दंगों से निपटने के लिए की जाने वाली कृत कार्यवाही को परखा गया।

उल्लेखनीय है कि जनपद स्तर पर बलवा ड्रिल के इस पूर्वाभ्यास में उत्तर प्रदेश पुलिस को आवंटित/उपलब्ध 12 बोर पम्प एक्शन गन के प्रभावी एवं सार्थक उपयोग हेतु पुलिसकर्मियों को आज इस शस्त्र के संचालन एवं हैण्डलिंग का भी विशेष रूप से प्रशिक्षण कराया गया।

इस ड्रिल में 05 अपर पुलिस अधीक्षक, 13 क्षेत्राधिकारी/पुलिस उपाधीक्षक, 29 थाना प्रभारी/निरीक्षक एवं उ0नि0/मुख्य आरक्षी/आरक्षी सहित कुल 426 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, पुलिस अधीक्षक उत्तरी, पुलिस अधीक्षक यातायात, अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय समेत समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक जनपद बरेली एवं अग्निशमन पुलिस, रिजर्व पुलिस लाइन व थानों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।